हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 जुलाई 2024
[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

04 छात्र रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए ...



07 साधारण कब आसाधारण बन जाए, समय नहीं लगता...



## खबर संक्षेप

### जिले में भारी बारिश की संभावना

**नलखेड़ा।** मौसम विभाग द्वारा आगामी 24 घंटे में आगर-मालवा जिले में बिजली के साथ भारी बारिश होने की संभावना की चेतावनी जारी की गई है।

### सीबीएसई ने निकाली भर्ती, आवेदन मांगे

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मीडिया रिलेशंस, विजिलेंस, एकेडमिक्स, स्किल एजुकेशन और अन्य पदों सहित कुल 29 डेपुटेशन आधारित पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। चयनित उम्मीदवार तीन साल के कार्यकाल के लिए दिल्ली सहित सीबीएसई के ऑफिसों में नियुक्त किए जाएंगे। सेलेक्टेड कैंडिडेट्स का टेन्योर उनके प्रदर्शन और नियमों के मुताबिक अधिकतम 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

### पर्यटन क्विज स्पर्धा 27 जुलाई को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है।

### माताओं ने अपने पुत्र-पुत्रियों का देखा ऑफिस और जाना सरकारी कामकाज

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 200 से अधिक शासकीय सेवकों ने अपनी मां के साथ किया पौधरोपण

## जिन शासकीय सेवकों की मां नहीं है उन्होंने मां की स्मृति में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कलेक्टर प्रवीण सिंह सहित 200 से अधिक शासकीय सेवकों ने अपनी मां के साथ पौधरोपण किया। जिन शासकीय सेवकों की मां नहीं हैं, उन्होंने मां की स्मृति में पौधरोपण किया। कलेक्टर सिंह ने अपनी 71 वर्षीय मां पुष्पा देवी के साथ पौधरोपण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 15 जुलाई तक अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान की खास बात यह है कि एक पौधा मां के नाम लगाया जाएगा है। जिनकी माताएं जीवित हैं वे मां के साथ पौधरोपण करेंगे और जिनकी मां नहीं है, वे मां की स्मृति में पौधे लगाएंगे। कलेक्टर सिंह ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर उनके सम्मान मे एक पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, धरती की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना हम सबका कर्तव्य है।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि आज उन्होंने अपनी माता पुष्पा देवी को अपने कार्यालय का अवलोकन कराया और उन्होंने



कलेक्टर के दायित्वों और शासकीय आदेश-निर्देशों के पालन की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मेरी माताजी का मेरे कार्यालय में आना मेरे लिए एक सुखद और अद्भुत पल है। कलेक्टर कार्यालय के अलावा सभी विभागों द्वारा उनके कार्यालय परिसर में भी पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारियों के साथ ही पत्रकारों ने भी पौधरोपण किया।

### माताएं अपने बेटे-बेटियों के ऑफिस में आकर बेहद प्रसन्न नजर आईं

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि पौधरोपण के पश्चात यहां उपस्थित माताओं ने अपने बेटे-बेटियों के कार्यालय का अवलोकन किया और उनके कामकाज से अवगत हुए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आज जो भी, जिस पद पर है, वह उनके माता-पिता की मेहनत और आशीर्वाद से है। इसलिए मैंने सभी शासकीय सेवकों से आग्रह किया था कि पौधरोपण के बाद अपनी मां को अपने कार्यालय अवश्य लेकर जाएं और अपने कामकाज की बारे में उन्हें बताएं। महिला एवं बाल विकास कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन अमृता वर्मा की माताजी माधुरी वर्मा एवं लोक सेवा प्रबंधक विजय बामकले की माता सरिता बामकले तथा कृषि विभाग में टेक्निकल असिसटेंट के पद पर पदस्थ कविता राठौर की माता दुर्गा राठौर सहित अन्य माताओं ने अपने बच्चों के कार्यालय देखे और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को समझा। सभी माताएं अपने बेटे-बेटियों के आफिस में आकर बेहद प्रसन्न नजर आईं।

### मां का सम्मान और धरती मां की रक्षा

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गये एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य मां और धरती मां के प्रति सम्मान प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि धरती भी मां के समान हमारा ख्याल रखती है। धरती मां ही हम सबके जीवन का आधार है, इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि हम धरती मां का भी ख्याल रखें। मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

### 107 वर्षीय रामप्यारी बाई ने लगाया पौधा

107 वर्षीय रामप्यारी बाई गुप्ता ने अपनी शासकीय सेवारत बहू अनीता गुप्ता के साथ बुधवार सुबाह 10 बजे कलेक्टर कार्यालय परिसर में पंहुचकर पौधरोपण किया। रामप्यारी बाई ने कहा कि पेड़ पौधे से ही जीवन है। इसलिये धरती को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पुरी धरती को हरा भरा बनाने की जिमेदारी पूरे समाज की है। उन्होंने कहा कि जब में 107 साल की उम्र में पौधा लगा सकती हूं तो आप सभी को पौधा लगाना चाहिये।





## गंदा पानी सड़क से बहकर जमा हो रहा नाले की पुलिया पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नालियों के अभाव में नगर में कई स्थानों पर गंदा पानी सड़कों पर बहता हुआ आसानी से देखा जा सकता है। यह गंदा पानी राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। गंदे पानी में से वाहन निकलने पर राहगीरों के कपड़ों पर इसके छीटे गिरकर कपड़ों को भी गंदा कर रहा है। नगर में अंबेडकर चौराहे से तहसील की ओर जाने वाली सड़क लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है। इस मार्ग के दोनों ओर कॉलोनियां कट चुकी है। सड़क के दोनों ओर नाली नहीं होने से इन रहवासी बस्तियों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। तहसील की ओर से अंबेडकर चौराहे की ओर ढलान होने से यह गंदा पानी उस ओर चला जाता है। जहां स्थित नाले की पुलिया पर यह गंदा पानी जमा हो जाता है।

पुलिया पर जमा इस गंदे पानी में से चौपहिया वाहन निकलने से इसके छींटे दूर दूर तक जाते हैं जो अन्य राहगीरों, दोपहिया वाहन सवारों के कपड़ों पर गिरकर गंदा कर देते हैं। इसके चलते कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। इसके साथ ही लगातार पुलिया की सतह पर पानी जमा होने से उसमें गड्ढे भी हो रहे हैं। गौरतलब है कि उक्त मार्ग मां बगलामुखी मंदिर को राजगढ़ जिले के साथ ही भोपाल, गुना, ग्वालियर आदि को जोड़ता है। इस ओर से आने वाले दर्शनार्थी इसी मार्ग से होकर मां बगलामुखी मंदिर पहुंचते हैं।

### समस्या का करेंगे निदान

मौका निरीक्षण कराया जाएगा तथा रहवासियों और नागरिकों की समस्या का निदान किया जाएगा।

**पवन फुल फकीर, प्रभारी सीएमओ नगर परिषद नलखेड़ा**



### आचार्यश्री से भेंटकर लिया आशीर्वाद

**नलखेड़ा।** दिगंबर जैन आचार्य प्रज्ञासागर महाराज पर्यावरण संरक्षण को लेकर पदयात्रा लेकर सुसनेर में विराजित हैं। जहां आचार्यश्री से नलखेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा, सचिव दिलीप खंडेलवाल, पत्रकार रोहित सकलेचा, योगेंद्र (पप्पू) मकवाना आदि ने भेंटकर आचार्यश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आचार्यश्री से नलखेड़ा आने के लिए विनती की गई। इस मौके पर जैन समाज सुसनेर के अध्यक्ष महावीर जैन सालरिया, विनोद जैन, शैलेंद्र सिंघई ने सभी का स्वागत किया।

## मप्र सरकार के बजट में स्वीकृत आमला-नलखेड़ा सड़क मार्ग अब होगा फोरलेन

### बगलामुखी मंदिर आने वाले भक्तों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रथम बजट में क्षेत्र को आमला से नलखेड़ा तक की फोरलेन सड़क की सौगात दी गई है। इस सौगात पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट में आमला से नलखेड़ा तक 13.66 किमी की फोरलेन सड़क के लिए 1921.0 लाख रुपये की राशि का प्रावधान स्वीकृति के लिए दिया गया है। उक्त फोरलेन डिवाइडर सहित एवं आबादी क्षेत्र में सेंट्रल लाइटिंग सहित निर्मित होगी।



फाइल फोटो

बजट में आमला-नलखेड़ा फोरलेन सड़क की स्वीकृति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं सांसद रोडमल नागर का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आमला से नलखेड़ा तक फोरलेन सड़क निर्माण होने से सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधा होगी।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा।

### शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में दीक्षारंभ समारोह का समापन



**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार दीक्षारंभ समारोह के तृतीय और अंतिम दिवस डॉ सर्वेश व्यास द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय नवीन शिक्षा नीति 2020, महिला उत्पीड़न, छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, महाविद्यालय की वेबसाइट, ईमेल आदि के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महाविद्यालयीन संयोजक डॉ. सर्वेश व्यास ने किया एवं आभार महाविद्यालय के सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. जितेंद्र चावरे ने माना। समापन समारोह के बाद महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल सहित महाविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कल निकलेगी भगवान जगदीश की रथयात्रा

**कॉमेडी किंग गोपाल सेठ और राजू सेठ की टीम होगी रथयात्रा में शामिल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज द्वारा प्रतिवर्ष निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा 6 जुलाई को नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी। भगवान जगदीश की रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समाज की धर्मशाला से रथयात्रा बैंड-बाजे, डीजे एवं देवास के कलाकार राधा-कृष्ण, हनुमान जी की वेशभूषा में रथयात्रा में शामिल होंगे। वहीं समाज के हास्य कलाकार राजू सेठ, गोपाल सेठ, संजय हास्य प्रस्तुतियों से चलित वाहन में सवार होकर नगरवासियों को गुदगुदाएंगे। रथयात्रा बोरखेड़ी मार्ग स्थित समाज की धर्मशाला से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः धर्मशाला पहुंचेगी। यहां समाजजन द्वारा आराध्य देव की पूजा अर्चना की जाएगी। उसके बाद सहभोज किया जाएगा। रथयात्रा का नगर भ्रमण के दौरान अनेक स्थानों पर भगवान जगदीश का दर्शन कर रथयात्रा का स्वागत किया जाएगा। नगर में अनेक चौराहों पर भगवान जगदीश की रथयात्रा के फ्लैक्स, कट आउट लग गए हैं। जानकारी युवा संगठन नगर अध्यक्ष राकेश बीजापारी ने दी।


### आचार्यश्री प्रज्ञासागर महाराज के सानिध्य में होगा आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत सर्वधर्म सभा व वृक्षारोपण यात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

वसुंधरा को हरा-भरा करने के लिए शासन प्रशासन के साथ ही अब संत, महात्मा भी अलख जगाने के लिए अग्रसर हैं। दिगंबर जैन आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक पौधे लगाने का संकल्प आचार्यश्री द्वारा लिया है, जिसको आम जनमानस के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इसी कड़ी में 5 जुलाई को सुसनेर में आचार्यश्री के सानिध्य में सर्व धर्म सभा एवं भव्य वृक्षा रोपण यात्रा निकाली जाएगी। पर्यावरण सुरक्षा के इस पावन कार्य में विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या समाजजनों के साथ नागरिकों द्वारा भाग लिए जाने के लिए आयोजन समिति ने आह्वान किया है।

दिगम्बर जैन समाज के आचार्य प्रज्ञासागर महाराज ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने के लिए अभियान चला रखा है। अपनी पदयात्रा के दौरान उनका जहां पर भी विश्राम होता है वहां पर युवाओं तथा समाज जनों को पर्यावरण एवं धरती को बचाने का आह्वान कर पौधारोपण के लिए प्रेरित कर पौधारोपण भी करवा रहे हैं। पौधारोपण के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य को लेकर दिगम्बर जैन समाज के आचार्य प्रज्ञासागर महाराज पद यात्रा कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के उज्जैन से राजस्थान के लिए पाटन तक लगभग 180 किलोमीटर की इस पद यात्रा में जहां पर उनका विश्राम हो रहा है, वहां पर समाज के साथ ही अन्य नागरिकों को भी वे पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही स्वयं युवाओं के साथ मिलकर पौधे भी रोपित कर रहे हैं।



आचार्यश्री प्रज्ञा सागर ने बताया कि वर्तमान समय में बेतहाशा हरे वृक्षों की कटाई कर जंगलों को रेगीस्तान बनाने में हम सब का हाथ है। वसुंधरा को हरा भरा करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए हम वृक्ष लगाना भूल गए। जिसके कारण हर वर्ष गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। बारिश पर भी इसका असर पड़ रहा है।

### एक करोड़ पौधा लगाने का लिया संकल्प

पौधारोपण के अपने इस अभियान से अवगत कराते हुए आचार्यश्री ने कहा कि जीवन की अंतिम सांस तक वे इस अभियान को चलाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर इस अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से भी अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जिसको आम जनमानस के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वृक्ष है तो हम है, वृक्ष है तो जीवन। अर्थात वृक्ष ही जीवन का आधार है, इसीलिए जीवन में वृक्ष अवश्य लगाएं।

### त्रिमूर्ति मंदिर पर होगी सर्वधर्म सभा

पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत 5 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे आचार्यश्री के सानिध्य में जैन त्रिमूर्ति मंदिर सुसनेर के परिसर में सर्वधर्म सभा तथा शासकीय महाविद्यालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम होगा। जिसमें आम,अमरूद, जामुन, नींबू , पीपल, बादाम सहित 1008 पौधों का रोपण किया जाएगा। उसके पूर्व वृक्षारोपण यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति द्वारा इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों के साथ समाज जनों से प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने इस आयोजन में सहभागी बनने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### पारायण और गजानन विजय ग्रंथ के पाठ होंगे

**देवास।** श्रीदत्त उपासक मंडल देवास व्दारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 6 से 14 जुलाई तक सामूहिक श्री गुरुचरित्र सप्ताह पारायण एवं श्री गजानन विजय ग्रंथ के पाठ सुबह 7 से 11 एवं शाम को भजन, कीर्तन, प्रवचन का आयोजन गीता भवन स्टेशन रोड पर किया गया है। 6 जुलाई को देवता स्थापना के साथ शाम 6.30 को श्री सच्चिदानंद भजन मण्डल के भजन होंगे। 07 जुलाई को इंदरसिंग नागर का श्री राम शरणं का कार्यक्रम होगा। 8 एवं 9 जुलाई को पुणे महाराष्ट्र के ह भ प. संदीप रविन्द्र मांडके शास्त्री के कीर्तन एवं 10 व 11 जुलाई को इंदौर के अभय माणके एवं सौ अमृता माणके श्री गीत दत्त एवं श्री गीत रामायण की प्रस्तुति देंगे। 12 जुलाई को प्रवीणनाथ महाराज, इंदौर के प्रवचन एवं 13 जुलाई को श्रीक्षेत्र नाशिक के अनिल महाराज की भजन संध्या होगी। 14 जुलाई की सुबह 10.30 बजे संत दर्शन एवं आशीर्वचन होंगे जिसमे इंदौर के बाबा महाराज तराणेकर, अण्णा महाराज, महामंडलेश्वर दादू महाराज, नाशिक के अनिल महाराज, भाऊनाथ महाराज, इंदौर के अमृतफळे महाराज, प्रवीनाथ महाराज, तेलंग महाराज, स्वामी पुरुषोत्तम आश्रम महाराज, स्वामी श्रीपाद अवधूत स्वामी महाराज बांगर, बेहेरे आई व नितिक दादा कोंडोलीकर अकोला से उपस्थित होंगे। अनिल बेलापुरकर गुरूजी ने आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उक्त आयोजन का लाभ लें।

### अमृत संचय अभियान को लेकर कलेक्टर महाविद्यालीयन छात्रों के बीच पहुंचे

# छात्र रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए नागरिकों को करें प्रेरित: कलेक्टर

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालीयन छात्र अपने परिवारजनों को रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में जानकारी दें।


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में जिला प्रशासन द्वारा अमृत संचय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में महाविद्यालीयन छात्रों के सहयोग एवं सहभागिता को लेकर कलेक्टर ऋषव गुप्ता महाविद्यालीयन छात्रों के बीच पहुंचे। कलेक्टर गुप्ता ने महारानी पुष्पमाला राजे पवार (जीडीसी) कॉलेज में लॉ कॉलेज, प्रेस्टीज कॉलेज और जीडीसी कॉलेज के विद्यार्थियों को अमृत संचय अभियान के संबंध में जानकारी दी। गुप्ता ने कहा कि सभी विद्यार्थी पौधरोपण करें। उन्होंने सीडबॉल के माध्यम से पौधरोपण की जानकारी भी दी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, जीडीसी प्राचार्य भारत सिंह गोयल, डॉ अनिता भाना, साफिया कुरैशी, ईशा गोले सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालीयन छात्र अपने परिवारजनों को रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में जानकारी दें और रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए कम से कम 10 घर जाकर नागरिकों को प्रेरित करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि सौ लीटर बरसात के पानी में से सिर्फ 06 लीटर पानी जमीन में जाता है, बाकी बह कर निकल जाता है। बरसात के पानी को बचाने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए। रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम का कुल खर्चा मात्र 06 हजार रूपये है। घर में रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर हम लाखों लीटर पानी भूमि में पहुंचा सकते है। जिला प्रशासन द्वारा बरसात के जल को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। यदि बरसात का पानी रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक के माध्यम से जमीन में उतारेंगे तो निश्चित भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। ट्यूबवेल के पानी की हार्डनेस भी कम हो जायेगी, क्योंकि बरसात का पानी सॉफ्ट है। यही बारिश का पानी बहकर सड़कों तक नहीं पहुंचेगा तो शहर में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या नहीं होगी।

वरिष्ठ पत्रकार और अभियान से जुड़े श्रीकांत उपाध्याय ने देवास के जल संकट को विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि आज हम अपनी अगली पीढ़ी को पानी बचा कर उनके भविष्य को सुखद बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि, आज से 25 वर्ष पूर्व देवास में जल संकट की जो स्थिति थी आने वाले कल में अगर हमने इस ओर ध्यान नही दिया तो फिर से हमारी अगली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से हम देवास शहर में कई करोड़ लीटर पानी बचा सकते हैं। पानी का संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। पैंतीस-चालीस साल पहले ट्यूबवेल



में पानी 100-125 फीट पर मिल जाता था, वही आज 600-700 फुट की गहराई पर भी पानी नहीं मिल रहा है। भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे जाने से नदियाँ भी सूख रही हैं। भूमिगत जल का स्तर बढ़ाने के लिए बरसात के जल का संचय करना आवश्यक है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जीवन लीला कर ली समाप्त

**पुलिस खुदकुशी करने के कारण खोज रही**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अज्ञात कारणों के चलते एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका का पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी अनुसार महक (18) ने बुधवार रात अपने घर पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

जब रात को जब घर पहुंचे तो उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दरवाजे का लॉक तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। पिता रोज की तरह अपने कार्य के लिए गए थे महक अपने घर में अकेली रहती थी मां का पहले ही निधन हो चुका है। पिता जावेद ने बताया कि एक साल पहले इंदौर में रहने वाले समीर नामक युवक से उज्जैन में शादी हुई थी। हमें शादी के छह माह बाद पता चला।

पिता जावेद का आरोप है कि पति देवास आकर महक को धमकाता और मारपीट करता था। दहेज के लिए 1 लाख रुपए की मांग भी समीर के घर वालों ने की थी। दो दिनों पूर्व महक ने 30 हजार रुपए समूह से लोन लेकर दिए थे। फिलहाल थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए बालगढ़ से जत्था रवाना

**देवास।** जय बाबा अमरनाथ बर्फानी धाम के दर्शन करने बालगढ़ से यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि यात्रियों का रवाना होने के पूर्व रेलवे स्टेशन पर विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, मुकेश पटेल गंगा श्री ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले रघु पटेल, शुभम पटेल, जितेंद्र पटेल, राम कामदार, मोंटी चंद्रावत, शुभम प्रजापति, रोहित कामरेट, अभिषेक पटेल आदि का स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेश पटेल, संजू चांदना, योगेश पाटिल, सोनू पटेल, तुलसीराम मुकाती, ईश्वर पटेल, महेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी व सहायिका और मिनी कार्यकर्ता संघ ने कार्यक्रम अधिकारी से मिलकर बतााईं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं मिनी कार्यकर्ता संघ प्रदेश के पदाधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रेलम बघेल से स्थानीय समस्याओं के संबंध में मिले। वर्तमान में आंगनबाड़ी के समस्त हितग्राहियों के मोबाइल नंबर सत्यापन का कार्य दिया गया है, जिसमें विभाग द्वारा कहा गया है कि हितग्राही को ओटीपी बताना है।

हितग्राही ओटीपी देने से मना करते है और कहते है कि ऑनलाइन फ्रॉड काल कई घटनाएं हो रही है, अतः हम ओटीपी शेयर नहीं करेंगे। समस्या सुनने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया है कि आप प्रयास करिए जितना कार्य हो सकता है। कोई हितग्राही शासन की योजना और मंशा को समझते हुए अपना ओटीपी देता है तो आप ले



लीजिए अगर कोई नहीं देता है तो उसका जिम्मेदार कार्यकर्ता को नहीं माना जाएगा, केवल उसे प्रयास करना है, किसी पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, यह उन्होंने आश्वस्त किया है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रंजना राणा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रुक्मणी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष से रानी सिंह, प्रदेश संयोजक महेंद्र सिंह राणा उपस्थित थे।

## दस्तक अभियान से लाभांवित बच्चों के माता-पिता से डीआईओ डॉ.तिवारी ने ली स्वास्थ्य की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार, रेफरल सुनिश्चित करने के लिए जिले में 27 अगस्त तक दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुनील तिवारी ने बताया कि देवास जिले में दस्तक अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की टीम द्वारा घर-घर जाकर बच्चों की जांच की जा रही है। बच्चों को ओआरएस और जिंक प्रदाय की जा रही है। अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। गुरूवार को जिले में शहरी क्षेत्र सोनकच्छ के लोंदिया, गंधर्वपुरी, कचनारिया सहित अन्य



गावों में मॉनिटरिंग कर दस्तक अभियान की गतिविधियों को देखा और बच्चों के माता-पिता से चर्चा कर स्वास्थ्य के बारे मे उचित परामर्श दिया गया।

## जिलाधीश ने किया पर्यटन क्विज प्रतियोगिता पोस्टर का विमोचन, प्रतियोगिता में विद्यार्थी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पर्यटन व सांस्कृतिक परिषद और स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई को महारानी चिमनाबाई शा.क.उ.मा.वि. में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यटन की ओर प्रेरित करना है। विद्यार्थी पर्यटन से ही जिले व प्रदेश की लोक कला, लोक संस्कृति, ऐतिहासिक स्थल, धार्मिक स्थल, अभ्यारण्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधीश ऋषव गुप्ता ने प्रतियोगिता से सबंधित पोस्टर का विमोचन किया। पर्यटन क्विज समन्वयक स्मिता रावल,



सहायक परियोजना अधिकारी शहरी विकास विकास अभिकरण, नोडल रूचि व्यास, प्राचार्य महारानी चिमनाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास और क्विज मास्टर आयुषी पंड्या, माध्यमिक शिक्षक हाई स्कूल मेंड़की धाकड़ द्वारा प्रतियोगिता से संबंधित जानकारियां जिलाधीश को दी गयी। पूर्व क्विज मास्टर प्रसून पंड्या, आशीष कोपरगांवकर और मनोज मालवीय भी उपस्थित थे।

## हरियाली बढ़ाने उप जेल परिसर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति बागली व्दारा उप जेल बागली परिसर में गुरुवार को पौधरोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इस दौरान न्यायाधीश चन्द्रकिशोर बारपेटे, राकेश कुमार जाटव, वीणा अग्निहोत्री, काजल नायक,जेलर हेमंत नागर, वरिष्ठ एडवोकेट प्रवीण चौधरी,संघ अध्येक्ष महेंद्र पाटीदार की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान न्यायाधीश बारपेटे ने कहा कि विधिक सेवा समिति के माध्यम से क्षेत्र में सभी विभाग एवं संस्थाओं के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है। अधिक से अधिक पौधरोपण हो उसके लिए लगातार पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। उप जेल बागली के जेलर हेमंत नागर के सहयोग




से परिसर में कई प्रजाति के पौधरोपण किए गए हैं। साथ ही इन पौधों को पेड़ के रूप में स्थापित करने के लिए जेल के स्टाफ को संकल्प भी दिलाया गया, क्योंकि आज के समय में वृक्षारोपण करना अति आवश्यक है। जेलर हेमंत नागर ने बताया कि जेल परिसर की रिक्त भूमि पर अधिक से अधिक पौधरोपण हो उसी उद्देश्य से पौधरोपण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस दौरान कमल सिंह खीची,सनी बहादुर सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

**न्यायालय परिसर में बिना वृक्ष काटे लगाया टीन शेड, न्यायधीश ने किया निरीक्षण**

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृह्द स्तर पर हो रहा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

न्यायालय परिसर बागली में त्रिवेणी लहरा रही है, हरियाली आच्छादित हो रही है। परिसर में टीन शेड बनाया गया, लेकिन किसी भी वृक्ष को क्षति नहीं पहुंचाई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पौधरोपण का बृहद अभियान चलाया जा रहा है। न्यायालय परिसर में पौधरोपण के अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्र किशोर बरपेटे ने कहा कि मानव जीवन के लिए वृक्षों की महत्ता शाश्वत है। हरियाली और खुशहाली चाहिए तो वृक्ष लगाइए। जीवन की निरंतरता के लिए सांसे जरूरी है।

पौधरोपण आसपास है तो जीवन की हर सांस है। इसी लिए हम सभी को कम से कम एक पेड जरूर लगाना चाहिए। एडीजे बारपेट न्यायाधीश राकेश जाटव ने कहा कि अभिभाषक संघ बागली के अधिवक्ता गणों द्वारा परिसर में टीन शेड के निर्माण में शानदार कार्य किया है। बिना वृक्ष काटे शेड का निर्माण किया है। और त्रिवेणियां लहराई है। चद्दर काटे, टीन काटा लेकिन वृक्षों को जरा सी भी क्षति नहीं पहुंचाई। गुलमोहर मुस्कुरा रहा




है। पीपल के साथ हर पल खुशियों का पल है ।नीम की महक फैल रही। बरगद छाव दे रहा है। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार पुस्तकालय सचिव रवि जाटववरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी, संतोष यादव उपाध्यक्ष दीपक जोशी, एडवोकेट राधेश्याम हर्निया , सचिन पाटीदार,प्रवीण यादव, प्रवीण पाटीदार,सादिक खान, अमन हुसैन,दीपक त्रिवेदी दारा सिंह सेंधव, संजय परमार आदि मौजूद थे। इस अवसर पर समूचे परिसर में बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया। तुलसी, नीम, पीपल, करंज, गुलमोहर, बरगद के पौधे लगाए गए। लगाए गए पौधों की की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए।

## 22 सदस्यों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए हुआ रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बाबा अमरनाथ के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग अमरनाथ पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार के दिन ग्राम नयापुरा एवं छतरपुरा से 22 सदस्यों का जत्था अमरनाथ दर्शन के लिए रवाना हुआ। ग्राम नयापुरा से चार एवं छतरपुरा से 18 सदस्य भगवान बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए, जिनका ग्राम छतरपुरा में सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार द्वारा स्वागत कर, तिलक लगाकर विदाई दी गई। इस दौरान ग्राम नयापुरा में भी ग्रामीणों द्वारा यात्रियों का स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 15 को

**जावर।** चिरायु अस्पताल भोपाल द्वारा संचालित विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन दिनांक 15 जुलाई को सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में किया जा रहा है, जिसमें मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी इसी के साथ ही चिन्हित मरीजों की आंखों का निशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। अपील की है किी जांच कराने वाले अपने साथ आधार कार्ड और मोबाइल नम्बर जरूर लाएं।

### वस्त्र व्यापारी संघ के सदस्यों ने रोपे 80 पौधे

**आष्टा।** पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से वस्त्र व्यापारी संघ के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम कराया गया। इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 के प्रवेश द्वार पर लगभग 600 फीट लंबाई की शासकीय जगह पर 80 पौधों का रोपण संघ के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया है। उक्त स्थल को सुंदर वाटिका के समान विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा ने कहा कि जिस प्रकार जीने के लिए अन्न, जल की आवश्यकता है उसी प्रकार पेड़-पौधों का होना भी प्रत्येक व्यक्ति, जीव-जंतु के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, पर्यावरण प्रेमी धीरज धारवां, वीरेन्द्र देशलहरा, नरेन्द्र गंगवाल, सुशील संचेती मौजूद थे।

### मुआवजा वितरण में तेजी लाने के निर्देश

**सीहोर।** बैठक में कलेक्टर ने रेल, नेशनल हाईवे एवं सिंचाई परियोजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्रवाई में तेजी से की जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। जानकारी दी गई कि रामगंज मण्डी रेल लाइन परियोजना के 9 ग्रामों के 342 किसानों को भू-अर्जन की मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। पार्वती परियोजना के 20 ग्रामों के भू-अर्जन के मामले के 1235 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार आष्टा जनपद के अंतर्गत कान्याखेड़ी परियोजना के 4 ग्रामों के 341 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### मंगल प्रवेश की यात्रा मुनिश्री के ससंघ सानिध्य में प्रमुख मार्गों से निकली

# साधारण कब आसाधारण बन जाए, समय नहीं लगता : विनम्र सागर महाराज

आचार्य गुरुभगवंत विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज का ससंघ चरण आष्टा नगर में पड़े।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मैं हमेशा सोचता था कि हमारे गुरुदेव आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के पास आष्टा के समाजजन आते नहीं है फिर भी उन्हें हर साल गुरुदेव के शिष्यों का चातुर्मास कैसे मिल जाता है। गुरु की कृपा आष्टा पर बरसती है, मेरी इस जिज्ञासा का समाधान नगर प्रवेश पर हो गया। आष्टा की आस्था आचार्य भगवंत एवं साधु-साध्वियों पर अधिक है। बच्चों को अगर समय पर संस्कारित करते हैं तो वह कभी भी गलत मार्ग पर नहीं जाएगा। पौधरोपण करें और रोपे गए पौधों की देखभाल भी करें।

बच्चे बड़े आदमी बनें यह सभी चाहते हैं, लेकिन अच्छा आदमी नहीं बनातें हैं। पैसा कमाने की विद्या सीख गया,यह बहुत समझते हैं, लेकिन यह ठीक नहीं। उक्त बातें संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ने नगर प्रवेश के पश्चात श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आशीष वचन देते हुए कही। मुनिश्री के प्रवचन के बारे में समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि विनम्र सागर महाराज ने कहा कि गुरुदेव आचार्य विद्यासागर महाराज ने मूक माटी में एक लेख लिखा है। साधारण कब असाधारण बन जाए, समय नहीं लगता। सवा महीने भोपाल में रहने के पश्चात गुरुवर की प्रिय नगरी आष्टा हम पहुंच गए। आष्टा वाले गुरुवर के पास नहीं आते लेकिन यहां पर चातुर्मास हमेशा उनके शिष्यों का मिला, गुरु की कृपा बरसती है, क्योंकि आष्टा की आस्था बहुत मजबूत है। छोटे से बच्चों को समय पर संस्कारित करते हो तो वह गलत मार्ग पर नहीं जाएगा, पौधरोपण करें और देखभाल भी करें।

बच्चे बड़े आदमी बनें यह सभी चाहते हैं ,लेकिन अच्छा आदमी नहीं बनातें हैं। पैसा कमाने की विद्या सीख गया,यह बहुत समझते हैं, लेकिन यह ठीक नहीं। जैन दर्शन कहता है कर्म के कारण होता है। अन्य समाज में दो सिद्धांत चलते हैंहम भगवान बन सकते हैं। भगवान की बनाई हुई रचना बच्चा होना नहीं है। आपको विद्यालय दिखता है और हम वहां के पीछे का नजारा देखते हैं। विद्यालय की स्थिति वहां बाहर व पीछे पड़े विभिन्न गुटखे की पन्नियों आदि से स्पष्ट हो जाता है कि यहां कैसी पढ़ाई होती है और बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। आदमी पाप से डरता है, पुण्य करता है। मां का पुत्र के संस्कार के लिए अपार उत्साह रहता है।घर में गर्भाधान संस्कार किया जाता है।सैय्या की विवाह के बाद आरती उतारते हैं दंपती। दंपती से उत्पन्न बच्चा कोई महावीर तो कोई कुंथकुंथ बनेगा। जो बच्चों को बढ़िया बनाना चाहते हैं वह 5 जुलाई को उपनयन संस्कार महोत्सव में अपने 8 वर्ष आयु के बच्चों को भेजें ।



मुनिश्री ने कहा एक अच्छा आर्टिस्ट अच्छी पेंटिंग बनाता है। दृष्टि में दृष्टिकोण देने का काम जो पूर्वजों ने नहीं सिखाया वह हमें सिखना होगा। समय पर सही निर्णय नहीं लेने से आज 40 साल तक के अविवाहित हैं। आज का युवा 80 प्रतिशत डिप्रेशन के शिकार हैं। कोटा में हर आठ दिन में एक बच्चा आत्महत्या कर रहा है। बच्चों की गृहस्थी में कीड़े नहीं लगेंगे, इस उपनयन संस्कार से। ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हैं। आज स्कूल, कालेज में बच्चे ड्रग्स तक ले रहे हैं, खुले आम सिगरेट, शराब पी रहे हैं। जब बच्चा बाप शब्द बोलता हैं तो मां को बुरा लगता है। ऐसे बच्चे वृद्ध अवस्था में क्या माता पिता की सेवा करेंगे। आगम बच्चों को बढ़िया बना सकते हैं। बच्चे भगवान के बनाए हुए नहीं हैं आपके कर्म से आएं हैं। नर्क से आया बच्चे पैर से दरवाजा खोलते हैं। स्वर्ग से आए बच्चे शांत रहते हैं। मां अपने गर्भ में आएं बच्चे को लेकर चिंतित रहती है कि बच्चा स्वस्थ और सुंदर हो। जांच के दौरान शंका में आकर डॉक्टर के कहने पर अविकसित बच्चे का गर्भपात करा देते हैं,वह मां कितना कष्ट झेलती है, यह वही समझती है, पुरुष नहीं। गर्भपात पाप है। मुनिश्री ने कहा 5 जुलाई को होने वाले उपनयन संस्कार से इन बच्चों के जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा। हर धर्म के लोग अपने - अपने अनुसार अपने इष्ट की पूजा करते हैं। सार्वभोमिक धर्म है सरलता, सहजता, पवित्र ब्रह्मचर्य । गृहस्थ धर्म वाले को अधिक सार्वभौमिक धर्म का पालन करना होता है। धार्मिक संस्कार बेटों को ही नहीं बेटियों को भी दिलाएं, बहुत जरूरी है, उन्हें आर्यिका माता संस्कारित करती है। बड़े -बड़े होस्टल से कंपोस्ट में क्या-क्या निकलता है, यह आप सभी समझते हैं। गुरुवर की छाया में 324 कमरे भोपाल हबीबगंज में विद्यासागर निलयम बन रहा है। आर्यिका दृढमति माता जी का चातुर्मास भोपाल में बेटियों के लिए हो रहा है। विद्या निलयम के निर्माण में आप भी सहयोग करें।

## श्रमणश्री विनम्रसागर महाराज का हुआ भव्य मंगल नगर प्रवेश

**आष्टा।** आचार्य गुरुभगवंत विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्रमणश्री विनम्र सागर महाराज का ससंघ चरण आस्थावान नगरी आष्टा में पड़ते ही उपस्थित जैन धर्मालुजनों का मन प्रफुल्लित होकर नतमस्तक हो उठा। मुनिश्री के ससंघ अगुवानी के लिए जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं भोपाल नाका पहुंचे, जहां से गाजे-बाजे के साथ मुनिश्री का नगर में प्रवेश कराया।



इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा मुनिश्री से आशीर्वाद लिया गया। तत्पश्चात मंगल प्रवेश की यात्रा मुनिश्री के ससंघ सानिध्य में नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई किला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां पर समाजजनों सहित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा भगवान महावीर की पूजा-अर्चना की गई। अगुवाई के दौरान अनेक स्थानों पर मुनिश्री के पगप्रक्षालन कर जैन समाज के महिला-पुरूषों, युवक-युवतियों ने आत्मीय अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। किला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री के आशीष वचन हुए। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष यतेन्द्र जैन, मुकेश बड़जात्या, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, दिलीप सेठी, पार्षद कमलेश जैन, आनंद जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, प्रकाश छाजेड़, त्रिलोकचंद जैन, बद्रीप्रसाद वर्मा, संदीप जैन, संजय जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।

# श्मशान घाट का निर्माण कार्य हो गया शुरू

### जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण



**जावर।** नगर परिषद ध्यक्ष प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने किया निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय नगर परिषद जावर द्वारा शमशान घाट का निर्माण कार्य लगभग 50 लाख रूपये की लागत से करवाया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य वर्तमान में बन्द था जिसे जनप्रतिनिधियो द्वारा ठेकेदार को निर्देश देकर पुनः चालु करवाया गया। नगर परिषद जावर के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य,उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, पार्षद विरेन्द्र सिह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी एवं उपयंत्री दीपक अटेरिया द्वारा शमशान घाट निर्माण कार्य का निरिक्षण किया। तथा ठेकेदार द्वारा उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का अवलोकन किया। अवलोकन उपरांत परिषद पदाधिकारियों ने ठेकेदार को निर्देषित किया कि शमशान घाट निर्माण कार्य में गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाष्त नहीं की जाएगी। प्राक्कालन अनुसार कार्य करवाया जाए। उन्होने कहां की निर्माण कार्य में तराई किए जाने का विषेष ध्यान रखा जाए उन्होने प्रचलित निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए आवष्यक सुझाव भी दिये। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने कहा की शमशान घाट निर्माण बनने के उपरांत नागरिको को बारिश के समय जो समस्या होती थी वह समाप्त होगी ठेकेदार द्वारा कार्य संतोषप्रद किये जाने हेतु आष्वस्त किया गया।

# कीचड़ और गंदगी से परेशान हैं रहवासी



**जावर।** बारिश के दिनों में इस स्थिति में रहने को मजबूर है रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

बारिश का मौसम शुरू होते ही नगारिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पडता है। लेकिन सबसे ज्यादा समस्या कच्चे मार्ग के कारण होती है। जरा सी बारिश होते ही कच्चे मार्ग कीचड और दलदल में तब्दील हो जाते है। समस्या को लेकर रहवासी कई बार जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराते है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने के कारण स्थिति बिगडती रहती है।

नगर के वार्ड 6 की एक कालोनी में पक्का रोड नहीं होने के कारण रहवासी बारिश के मौसम में किचड व गंदगी से परेशान है। रोड निर्माण को लेकर वार्डवासियो ने कई बार अतिक्रमण व रोड़ को लेकर तहसीलदार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मांग पत्र सौंपा था। पांच वर्ष पूर्व वार्डवासियों ने नगर के वार्ड क्र.6 में मण्डी के समीप मुख्य मार्ग से अरूण भावसार के मकान से षिव प्रजापत के मकान तक सीसी रोड निर्माण कराने की मांग आवेदन देकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से की थी। परन्तु पांच वर्ष बाद भी वार्डवासियों की समस्या ज्यो की त्यो बनी हुई है। वार्डवासियों का कहना है कि कालोनी में जाने वाले रास्ते पर बारहमासी किचड़ जमा रहता है। जिससे यहां के रहवासियों को आने जाने में कई परेशानियां उठाना पड़ रही है। रास्ते में कीचड़ व गंदगी के कारण यहां बिमारियों का डर बना रहता है। इस समस्या को लेकर नगर के जनप्रतिनिधियों को भी कई बार अवगत कराया गया परन्तु जनप्रतिनिधियों ने भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। रहवासियों का कहना है कि बारिष के मौसम में रोड के किनारे बने मकानों में पानी भरने लगा है। वही बारिष में कीचड़ से परेशानी न होना पड़े इसके नगर परिषद शीघ्र ही उक्त मार्ग पर पक्की मूरम डालवाये जिससे हमे गंदगी व कीचड से परेशान न होना पडे।

# उपनयन संस्कार व प्रथम जिनाभिषेक महोत्सव आज मुनि विनम्र सागर के सानिध्य में होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वैसे तो व्यक्ति अपने बच्चों एवं परिवार जन के जन्मोत्सव आदि मनाते हैं, लेकिन नगर में समाजसेवी राजेश मधु जैन ने अपने सुपौत्र जयश्व सुपुत्र इंजीनियर मयूर नेहा जैन के आठवें जन्मदिन पर समाज के सभी आठ साल की आयु पूर्ण करने वाले बालकों के लिए संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में 5 जुलाई को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर उपनयन संस्कार एवं प्रथम जिनाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया है।

श्री पंचपरमेष्ठी महामंडल विधान पूजन, श्रीजी रथयात्रा एवं उपनयन संस्कार महामहोत्सव 3, 4, 5 जुलाई को आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में जिनेंद्र देव की आराधना एवं उपनयन संस्कार महोत्सव करने का परम सौभाग्य राजेश कुमार जैन इंजीनियर मयूर जैन को प्राप्त हुआ है। 3 जुलाई बुधवार को प्रातः 8 बजे परम पूज्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ का भोपाल नाका से भव्य नगर मंगल प्रवेश होगा। 4 जुलाई दिन गुरुवार स्थान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर जी में प्रातः 7:30 बजे से संगीतमय श्री पंचपरमेष्ठी महामण्डल विधान पूजन। 5 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा किला मंदिर से प्रारम्भ होकर श्री मानस भवन पहुँचेगी, जहाँ श्रीजी के प्रथम कलशाभिषेक, पूजन व बच्चों का उपनयन संस्कार महा महोत्सव सम्पन्न होगा। जैन ने विशेष निवेदन समाज के समस्त अविवाहित छोटे बड़े भैय्या से करते हुए इस उपनयन संस्कार महोत्सव में भाग लेकर गुरु से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य करने का आग्रह किया है। दिगंबर जैन पंचायत समिति अध्यक्ष आनंद पोरवाल एवं महामंत्री कैलाशचंद जैन ने बताया कि जिन सामाजिक बंधुओं के सुपुत्र 8 साल की आयु पूर्ण कर चुके हैं,वह सभी बालकगण को इस भव्य आयोजन में शामिल होने का शुभ भाव राजेश कुमार इंजीनियर मयूर जैन ने संजोया है। उन्होंने समाज जनों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों के नाम लिखवाकर इस उपनयन संस्कार एवं प्रथम जिनाभिषेक महोत्सव को महा महोत्सव का स्वरूप देने में सहभागी बने।

### कार्यभार संभालने पर तहसीलदार का किया स्वागत



**जावर।** नगर के तहसील कार्यालय में गत्दिनों तहसीलदार सुमन बाथम ने कार्यभार संभाला। बुधवार को नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा तहसीलदार का शाल श्रीफल बैठकर स्वागत किया गया इस दौरान नायब तहसीलदार अविनाश सोनानिया, पार्षद वीरेंद्रसिंह ठाकुर, मनोज सोलंकी, सचिन राठौर, आशीष सोनी सहिद कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# तीर्थयात्रा कर लौटे दंपती का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कई दशकों तक स्थानीय सिविल अस्पताल के नेत्र विभाग में अपनी सराहनीय सेवाएं देकर हजारों लोगों की आंखों की रोशनी बढ़ाने वाले मृदुभाषी स्वभाव के धनी डॉक्टर अतुल उपाध्याय और वेदऋचा उपाध्याय द्वारा चारों धाम की तीर्थयात्रा कर लौटने पर नगर के श्रीनाथजी की हवेली में स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम जय परशुराम समूह के द्वारा आयोजित किया गया। समाजसेवी अनोखीलाल खंडेलवाल, प्रभु प्रेमी संघ अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, प्राचार्य प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, श्याम शर्मा सलिल, संतोष शर्मा, परशुराम समूह के हरिनारायण शर्मा, प्रेमनारायण शर्मा प्राचार्य शास्त्री स्कूल, द्वारका सोनी द्वारा डॉक्टर अतुल उपाध्याय और वेदऋचा उपाध्याय का चारों धाम यात्रा करने पर श्रीनाथजी की हवेली मंदिर में सम्मान किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में जय परशुराम ग्रुप के अन्य पदाधिकारी एवं साथी भी उपस्थित रहे।

### भाजपा नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे फलदार पौधे

# 'प्रकृति, पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने पेड़ का होना आवश्यक'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भाजपा का ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत कन्नौद रोड़ स्थित काला तालाब पाल पर निर्मित पार्क में भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों द्वारा नीम, पीपल, जामफल, आम सहित विभिन्न फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सुराना, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मार्केटिंग सोसायटी पूर्व अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है, मां हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता। हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन हमें अपनी मां के प्रेम स्वरूप प्रत्येक पुत्र को उनकी याद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का रोपण अपने घर, प्रतिष्ठान आदि स्थान पर लगाना चाहिए।



नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज जो पौधे हमारे द्वारा लगाए गए है, उनकी देखरेख ठीक उसी प्रकार करनी है जिस प्रकार से मां अपने नवजात बच्चे की करती है। ऐसा करने पर ही पौधे को पेड़ का स्वरूप मिलना संभव है। प्रकृति व पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से भाजपा सरकार द्वारा जो यह अभियान चलाया गया है वह अपने आपमें अनुकरणीय पहल है। प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए इस धरती पर पेड़ का होना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, जुगलकिशोर मालवीय, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, तारा कटारिया, कमलेश जैन, तेजपाल कल्लू मुकाती, रूपेश राठौर, कोमल जैन, बद्रीप्रसाद वर्मा, कमल ताम्रकार, माखन कुशवाह, आनंद जैन, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, मनीष धारवां, मनोहर श्रीवास्तव, देवकरण पहलवान, राकेश प्रजापति, जीतमल बागवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्तागण मौजूद थे।

### वर्षों से अनफिट कर्मचारियों की निकाली जा रही है वेतन

# विद्युत वितरण कंपनी के ब्यावरा डिविजन में 10-25 सालों से जमे हुए हैं कर्मचारी

## बाबूओं के सामने डीजीएम भी हुए बोने साबित, कई बार कहने के बाद भी बाबूओं ने नहीं दी 3 साल से अधिक समय के कर्मचारियों की लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विद्युत वितरण कंपनी ब्यावरा में पदस्थ कर्मचारियों के हाल यह हैं कि वह अपने अधिकारी की बात को भी ज्यादा महत्व नहीं देते। हाल ही में हरिभूमि ने डीजीएम से मिलकर ब्यावरा डिविजन में कितने कर्मचारी 3 साल से ज्यादा समय से कार्यरत है उनकी लिस्ट मांगी थी। जिस पर डीजीएम ने 1 घंटे में लिस्ट देने की बात कही थी, परंतु आज 15 दिन से भी ज्यादा हो गए हैं। परंतु उन कर्मचारियों की लिस्ट नहीं मिल पाई। डीजीएम से बात भी की गई परंतु वह भी बाबूओं के सामने असहाय ही नजर आए। हालात यह हैं कि अकेले ब्यावरा डिविजन में ही ऐसे कितने ही कर्मचारी और लाइनमैन हैं जो 10 साल से भी ज्यादा समय से जमे हुए हैं लगता है उन पर शासन के कोई नियम लागू नहीं होते।

### यह रहे एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों के नाम

जब अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारियों के बारे में बताने में असमर्थ रहे तो फिर सूत्रों से प्राप्त पुख्ता जानकारी के अनुसार लाइनमैन भोनीसिंह यादव, रामप्रसाद यादव, भंवरलाल, तुलसी गोसाई, महेन्द्र यादव, जगदीश नामदेव और अमरसिंह प्रजापति के साथ साथ स्थापना के बाबू



आनंद ओझा लंबे समय से विधुत वितरण कंपनी में जमे हुए हैं, जिसके कारण विभाग में कमीशन खोरी और अनियमितता बढ़ती जा रही है।

### अनफिट होते हुए भी यह लाइनमैन ले रहे हैं वर्षों से वेतन

आनंद ओझा स्थापना बाबू - मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के ब्यावरा डिविजन के हाल यह है कि कई कर्मचारी अनफिट है फिर भी उनकी वेतन समय पर निकाली जा रही है और कोई देखने वाला नहीं है। उनको बीआरएस क्यों नहीं दिलाया जा रहा। अमृत गिरी, विहारी दांगी एवं राधेश्याम विश्वकर्मा यह ऐसे लाइनमैन हैं जो अनफिट है। इनमें से कई तो उठने बैठने में भी परेशानियों का सामना कर रहे हैं परंतु विभाग के बाबूओं ही सांठगांठ से समय पर उनका वेतन निकाला जा रहा है। सूत्रों की माने तो स्थापना में बैठे बाबू आनंद ओझा इन सभी कामों की धुरी है क्योंकि यह पिछले 20 वर्षों से भी ज्यादा से एक ही जगह जमे हुए हैं। हालात यह है कि अमृत गिरी लाइनमेन का लडका कपिल गिरी अपने पिता की जगह डीई प्रहलाद क्षेत्रे की गाडी चला रहा है। वहीं विधुत विभागं में कर्मचारी होते हुए भी रोहित यादव और लियाकत विभाग में किराए पर लगी गाडियों को चला रहे है। यह कैसे संभव है कि विभाग का कर्मचारी किसी ठेकेदार की गाडियां चलाकर दोहरी नौकरी और कमाई कर रहा हो। इस पूरे मामले में जब एई ग्रामीण अजीत बूमरकर से बात करने की कई बार कोशिश की गई परंतु वह उत्तर देने में असमर्थ दिखे।

### टीएमटी में भी भर लिए अनस्किल्ड स्टॉफ, एक को दे रहे हैं फ्री में वेतन

विद्युत वितरण कंपनी के ब्यावरा डिविजन के हाल यह है कि ट्रॉसफार्मर मेनेजमेंट टीम में 6 अनस्किल्ड कर्मचारियों स्टॉफ की भर्ती कर ली है न ही कोई डिप्लोमा और न ही कोई अनुभव। साथ ही एक चौकाने वाला तत्य सामने आया है जिसमें एक कर्मचारी दीपक विश्वकर्मा पिता सत्यनारायण विश्वकर्मा जो पिछले 8 महीनों से लापता है परंतु उसकी वेतन लगातार निकाली जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इन सभी में अधिकारी भी मिले हुए है और वह बिना किसी रोक-टोक के हस्ताक्षर कर वेतन पास कर देते हैं।

**इनका कहना है...**

इन सभी बातों की जानकारी मुझे नहीं है। आपने मुझे अवगत कराया है। मैं दिखवा लेता हूं और नियमानुसार कार्रवाई करूंगा।

**प्रहलाद क्षेत्रे,**
डीजीएम मध्य क्षेत्र विविकं लिमिटेड ब्यावरा डिविजन

# दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे गौवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

ग्राम पंचायत लिंबोदा की गौशाला कहा गई। शासन प्रशासन द्वारा लगातार गौवंश को लेकर प्रयास कर रहे लाखो रुपए खर्च कर मेन रोड पर बनी गौशाला के हाल इतने बेहाल हैं की गौ वंश दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रही हैं। जहां गौवंश को सुरक्षित रखा जाता है उस जगह एक गाय तक नहीं है। कई बार मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा रोड पर भटक रही गौवंश को लेकर कार्यवाही की चेतावनी दे चुके हैं। यह पर गौवंश को रोड पर छोड़ दिया इतनी बड़ी गौ शाला में पानी, बिजली तक की कोई व्यवस्था तक नही है। गौ शाला में कोई गाय तक नही है। हाल ही में कौशल विकास विभाग के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल का बयान सामने आया था। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में यदि गौ वंश घूमते पाई गई या उन्हें कुछ नुकसान पहुंचता है तो उस पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य, पंचायत सहायक, पंचायत सचिव सब जिम्मेदार माने जाएंगे। संबंधित पंचायत के सरपंच को धारा 151 के तहत जेल भेजकर तीन दिन तक उनकी जमानत भी नहीं होने देंगे। लेकिन इन सब को ताक पर रखकर सरेआम गौ माताओ को रोड पर छोड़ दिया गया गो माता की इतनी बुरी दुर्दशा हो रही है। आए दिन गौ माता तड़प कर मर रही है व एक्सीडेंट की शिकार हो रही है फसल आने पर किसानों के द्वारा भी इन गो माताओ को बूरी तरह से चोट पहुंचाई जाती है इसके बाद भी इन गो शाला की अनदेखी के चलते आने वाले समय इन गो माता का क्या हाल होगा इस और प्रशासन क्यों ध्यान नहीं दे रहा है।

**इनका कहना है...**

अगर गौशाला में गौ वंश नहीं पाई जाती हैं तो हम इस मामले को संज्ञान में लेकर इन पर कार्यवाही करेंगे।

**महिपाल कुशवाह,** जिला पशु चिकित्सक

गाय हैं वह पर अभी रोकी नही है। गर्मी में बहार निकाल दी थी एक दो दिन में रुकवाएंगे। गर्मी का सीजन था तो छोड़ दी थी। मुझे वह गए डेढ़ माह हुआ है अभी, ऐसा तो कोई आदेश नहीं गोशाला की गायों को रोड पर छोड़ दी जाए। कितनी गायों का सत्यापन है ये सरपंच को पता है।

**जितेन्द्र सिंह राठौड़,** सचिव ग्राम पंचायत लिंबोदा

### विद्या इंटरनेशनल और बचपन प्ले में छात्रों ने मनाया डॉक्टर्स डे

**विदिशा।** शास्त्री नगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल में डॉक्टर पेशेंट रोल प्ले एक्टिविटी का आयोजन किया गया। साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट मेंटर्स की सहायता से डॉक्टर्स के लिए ग्रीटिंग काड्र्स बनाए। नन्हे मुन्ने बच्चों ने डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर विधि वर्मा, डॉक्टर शेखावत, डॉक्टर गीता समनानी, डॉक्टर शैलेंद्र मीणा, डॉक्टर प्रतिभा मीणा, डॉक्टर सनत सिंह, डॉक्टर सुजाता नेताम, डॉ राज किशोर सिंह, डॉ पूनम सिंह एवं डॉक्टर तोमेश कुमार को अपने हाथों से डॉक्टर्स डे थैंक यू काड्र्स बनाकर भेंट किया। वहीं विद्या इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर विधि वर्मा को अपने हाथों से डॉक्टर्स डे थैंक यू काड्र्स बनाकर भेंट किया।

# राम भरोसे खीमाखेड़ी का स्कूल बच्चों के साथ शिक्षक भी गायब!



**खुजनेर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय खीमाखेड़ी संकुल खुजनेर में आने वाले इस विद्यालय के हाल इतने बेहाल हैं कि बच्चों के भविष्य के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। जहां बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने वाले शिक्षा के मंदिर में शिक्षक ही अनुपस्थित हैं। भगवान भरोसे है यह का स्कूल। जब हरिभूमी की टीम ने यह ग्राउंड स्तर पर जाकर देखा तो इस स्कूल के गेट तो खुले मिले लेकिन यह पर बच्चे और शिक्षक गायब मिले। स्कूल के अंदर रूम में कबाड़ा पड़ा मिला व गंदगी फैली हुई है। जब स्कूल में कोई नहीं मिले तो ग्रामीणों से बात की उन्होंने बताया की पूरा स्कूल भगवान भरोसे है। यह जब शिक्षक ही नहीं आते तो बच्चे कहा से आयेंगे इस स्कूल का ताला भी बच्चे खोल जाते है इस स्कूल की ऐसी हालत हो गई बच्चे अगर इनके भरोसे रह जाए तो उनका हक भविष्य कभी नही सुधर सकता है शिक्षक तो बस सैलरी ले रहे हैं महीनो में कभी कभी एक बार आते होंगे। वहीं खीमाखेड़ी के इस स्कूल के प्रभारी भारत सिंह जोधाना शिक्षिका मनीषा तोमर पदस्य हैं। कैसे सुधरेंगे हमारे राजगढ़ जिले के शिक्षा के हाल पिछले वर्ष शिक्षा में हमारा जिला 52 वा नंबर पर आया था। इस तरह के हाल इन स्कूलों के बने रहेंगे तो बच्चों के भविष्य को कैसे संवारा जाएगा।

**इनका कहना है...**

मैडम हॉस्पिटल में एडमिड हैं। उन्होंने मुझे मेडिकल व्हाट्सएप किया था और मैडम का जब स्वास्थ्य ठीक होगा तब ही मैडम स्कूल में आएंगी।

**हितेश सोनी,** संकुल प्रभारी खुजनेर

# रॉयल स्कूल में बच्चों को चिकित्सीय जानकारी दी



**जीरापुर।** रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर नगर के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर अश्वनी वैध, डॉक्टर सतीश गुप्ता एवं संस्था संचालक रणधीर सिंह,संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तदपरांत संचालक सिंह ने बताया कि डॉक्टर ने कोरोना के समय अपनी जान की परवाह किए बिना आम नागरिकों के लिए अपनी सेवाएं दी है इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं। आज हमें छोटी से छोटी बीमारी या बड़ी से बड़ी गंभीर बीमारियों पर भी भगवान के बाद दूसरे स्थान डॉक्टर को ही मानते हैं। जहां डॉक्टर ने अपने उधबोधन मे कहा कि आज हम डॉक्टर्स डे भारत के महान फिजिशियन डॉक्टर विधान चंद्र राय का जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था एवं मृत्यु भी 1 जुलाई को ही हुई थी उन्हीं की याद में डॉक्टर डे मनाया जाता है। हम आपको भी सलाह देना चाहते हैं कि यदि आपको हमेशा स्वस्थ रहना है तो आपको अपने आसपास साफ सफाई स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। साथ ही जो पैक्ड फूड है उनका उपयोग न करें। इस मौके पर संस्था शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह के तृतीय दिवस हुआ आयोजन

**सारंगपुर।** नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन किया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्था की प्राचार्य डॉ.ममता खोईया द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्पीड़न संबंधी अधिनियम की जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में क्यों आवश्यक है एवं इसके क्या-क्या लाभ एवं हानि है इसके बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। डॉ.वसीम शेख द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि महाविद्यालय में किस प्रकार पाठ्यक्रम मैं विद्यार्थी अपना अध्यापन कर सकेंगे अपने विषयों को किस प्रकार बेहतर तरीके से जान पाएंगे इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को प्रति



दिवस कक्षा में उपस्थित रहने को कहा इसके अलावा उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विद्यार्थियों को क्या-क्या जानकारी प्रदान कर सकते है वह भी बताया विद्यार्थी महाविद्यालय में किस प्रकार अपना सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह के साथ-साथ सामुदायिक सेवा अभिविन्यास का भी विकास कर सकें प्रो.प्रीतम गुनावा द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कितने प्रकार की छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है एवं विद्यार्थियों को छात्रावास का भी लाभ दिया जाता है श्री हरिशंकर शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को खेल विधाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं अंत में महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्था की प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पौधरोपण के लिए जगह चयन हेतु एसडीएम ने निरीक्षण कर प्लानिंग तय की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

**नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पौधारोपण की प्लानिंग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सुनील कुमार ने राजस्व एवं नगर परिषद टीम के साथ स्थान चयन किया।**

जहां पर मुख्य रूप से यह उद्देश्य लेकर कहा कि पौधारोपण करने के साथ-साथ उक्त स्थान एवं पौधे की संपूर्ण सुरक्षा प्रतिबद्ध रहेगी। जिसमें तार फेंसिंग करके पूरे परिसर को कवर किया जावेगा। ताकि लगाए गए पौधों को नुकसान या नष्ट नहीं किया जा सके। चर्चा



करते हुए एसडीएम ने बताया कि नगर के छापीहेड़ा रोड नहर से कॉलेज तक,बांध पर फिल्टर के पास, सीपेज पर, बांध पर पार्क के पास, ओपन जिम के पास, नई कोर्ट के पास, तहसील कार्यालय के पास पार्क इन स्थानों पर पौधे लगाए जायेंगे जिनकी निर्धारित संख्या 2600 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह अभियान 7 जुलाई से 30 जुलाई तक यह पौधे लगाए जाना है जिसको लेकर नगर के समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी नगर भिन्न-भिन्न समाज के बंधु , सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि , पत्रकार इस वृहद रूप से आयोजित अभियान में जुड़े।जिसमें पौधे स्वयं के द्वारा खरीद कर नियत स्थान पर लगाने हैं उनके लिए जो जो स्थान तय है प्रशासन द्वारा गड्ढे खुदवा कर मिट्टी उपलब्ध रहेगी एवं उन पौधों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी पौधे लगाने वाले व्यक्ति की रहेगी जिसमें पौधे लगाने के साथ सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से व्यक्ति फोटोग्राफ भी करें, ताकि पौधारोपण के साथ-साथ भावनात्मक रूप से व्यक्ति जुडेगा ओर पौधे कि पुरी सुरक्षा रहेगी। जिससे निश्चित ही उक्त पौधा पेड़ बनेगा और नगर का वातावरण शुद्ध बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।

# युमो कार्यकर्ताओं ने जलाया राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिंदू हिंसक वाले बयान पर पूरे देश भर में सियासत गर्मा गई है। गांधी के बयान पर देशभर में युवा मोर्चा कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार शाम को युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नगर के छतरी चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया।



इस दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस मामले में विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान पूरे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस करने वाला है और उन्हें पूरे हिंदू समाज से इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौड़ युवा मोर्चा अध्यक्ष नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे। गौरतलब है कि लोकसभा में राहुल गांधी के कथित बयान को लेकर बीजेपी हमलावर है।

### सामान्य बीमारी से ग्रसित मरीजों में इस संक्रमित बीमारी के फैलने का डर बना

# फॉर्मेसी रूम से बांटी जा रही टीबी के मरीजों को दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासन ने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए 100 बिस्तरों का अस्पताल का निर्माण कर जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए भारी भरकम अस्पताल बनाया है। पर चिकित्सालय में पदस्थ बीएमओ द्वारा यहां फैली अव्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की कोई लगाम कसने प्रयास नहीं किए जा रहे। अस्पताल की आव्यवस्थाएं अखबार की सुर्खियां बनी हुई हैं, बावजूद इसके विभाग के उच्चाधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मुखदर्शक बनकर चुप्पी साधे हुए हैं।

### फार्मेसी कक्ष से बांटी जा रही टीबी की दवाई

उल्लेखनीय है की सिविल अस्पताल में आने वाले सामान्य मरीजों को अब टीबी जैसी जानलेवा बीमारी मुफ्त में मिल सकती है, क्योंकि यहां पदस्थ टीबी विभाग



के कर्मचारी पिछले दो दिन से ट्रेनिंग पर है और ऐसे में सीबीएमओ ने फार्मेसी दवाई वितरण करने वाले कर्मचारियों को टीबी मरीजों को सामान्य दवाई वितरण केन्द्र से ही दवाई वितरण करने के निर्देश दिए हैं। एक तरह जहां अधिकारी के निर्देश के आगे स्वास्थ्य कर्मचारी बेबस है, वहीं दूसरी और सिविल अस्पताल में आने वाले सामान्य बीमारी से ग्रसित मरीजों में इस संक्रमित बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। बुधवार को सामान्य दवाई खिड़की से टीबी मरीजों को दवाई बाटने की जानकारी मीडिया को लगी तो हकीकत जानने मीडियाकर्मी सिविल अस्पताल पहुंचे तो वहां कई टीबी मरीज टीबी कक्ष के बाहर कर्मचारी की बांट देख रहे थे, तो कुछ फार्मेसी कक्ष से टीबी की दवाई लेते दिखाई दिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर इस संक्रमित बीमारी से ग्रसित लोगों को समय रहते अलग से दवाई देने की व्यवस्था नहीं की गई तो ये जानलेवा बीमारी सिविल अस्पताल आने वाले कई लोगों को अपनी चपेट में ले सकती है।

### टीबी कक्ष के बाहर दिखाई दी भीड़

विभागीय जानकारों की माने तो टीबी ग्रसित मरीजों को छह माह तक नियमित डोज लेना पड़ता है। 2 महीने 4 एफडीसी फिक्स डोज कॉम्बिनेशनश दवा चलती है। इसके बाद 4 महीने 3 एफडीसी शिफक्स डोज कॉम्बिनेशनश दवाइयों का नियमित सेवन करना पड़ता है। लेकिन वर्तमान में कई टीबी मरीजों को फार्मेसी कक्ष से दवाई बांटी जा रही है, किंतु मीडिया के सवाल के बाद स्वास्थ्य कर्मी मरीजों को दवाई देने में आनाकानी करने लगे, ऐसे में अदनान पिता राजू, अनोखी लाल पिता किशनलाल, संध्या पिता चेन सिंह, घनश्याम पिता कालूराम सहित अनेक मरीजों की भिड़ टीबी कक्ष के बाहर लगी दिखाई दे रही थी। मरीजों व उनके परिजनों का कहना था की उन्हें अक्सर दवाई के लिए परेशान होना पड़ता है, जिसकी शिकायत सीएमएचओ किरण वाडिया से भी की गई है, बावजूद इसके अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं। जानलेवा के साथ टीबी एक संक्रामक बीमारी टीबी के फैलने के पीछे का मुख्य कारण है हवा। खांसी, छींक, या फिर लार के द्वारा टीबी की समस्या एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। इस बैक्टीरिया का मुख्य कार्य हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाना है। यह रोग हमारे शरीर के उन भागों को प्रभावित करता है जहां खून और ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है।

### नर्स के भरोसे भर्ती मरीज

अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों का सीधे तौर पर कहना है की चिकत्सालय में ओपीडी के बाद भर्ती किए हुए मरीज को संबंधित चिकित्सक राउंड पर देखने तक नहीं आते, सिर्फ ड्यूटी नर्स द्वारा ही उन्हें औपचारिक इलाज दिया जा रहा है। जिसके कारण मरीज को शारिरिक रूप से फायदा नही पहुंचने पर मरीज को या तो अन्यंत्र शहर ले जाना पड़ता है या फिर झोलाछाप डॉक्टर को दिखा कर अपनी जान जोखिम में डालना पड़ती है।

**इनका कहना है...**

टीबी कर्मचारी दो दिन की ट्रेनिंग पर है इस कारण वह छुट्टी पर गए हैं। टीबी मरीजों को दवाई देना जरूरी है। इसी लिए फॉर्मेसि कक्ष से देने का बोला था।

**डॉ डी बड़ोदिया,** सीबीएमओ सारंगपुर।

टीबी वार्ड हर जगह अलग बना हुआ है, फॉर्मसी कक्ष से दवाई देना एक दम गलत है, अगर कोई कर्मचारी ट्रेनिंग पर गया है तो मैं टीबी अधिकारी से बात करती हूं।

**किरण वाडिया** सीएमएचओ राजगढ़।

### एसपी-कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** एक महीना पहले 10 जून को जिला जेल में कैदी के फांसी लगाने के मामले में मंगलवार को मृतक के परिजनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि मृतक मोनू चौकसे ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। जिसमें पांच लोगों के ऊपर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मंगलवार को ग्राम मोहाना खेजड़ा के रहने वाले मनीष चौकसे और परिवार के अन्य सदस्य जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि एक महीने पहले उनके छोटे भाई मोनू चौकसे की जिला जेल में मृत्यु हो गई थी। एक महीना बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुसाइड नोट मिला था उसमें आरोपियों के नाम साफ लिखे थे। पुलिस ने अब तक कोई एफआईआर नहीं लिखी है।